# General Instructions for Applicants

## Samarth Admission Portal

### 1. Eligibility Requirements for Undergraduate Admission

The eligibility criteria for admission to undergraduate programmes under CBCS shall be as follows:

| **Programme Stream** | **Eligibility Criteria** |
|---|---|
| **UG Science** | Candidates must have passed Intermediate / I.Sc. / Class 12 in the Science stream from the Bihar School Examination Board or an equivalent examination conducted by any recognised National or State Board. |
| **UG Commerce** | Candidates must have passed Intermediate / I.A. / I.Sc. / I.Com. / Class 12 from the Bihar School Examination Board or an equivalent examination conducted by any recognised National or State Board. |
| **UG Arts** | Candidates must have passed Intermediate / I.A. / I.Sc. / I.Com. / Class 12 from the Bihar School Examination Board or an equivalent examination conducted by any recognised National or State Board. |

### 2. Application Fee and Programme Selection

- The application fee is **₹500/-**, payable online through the Samarth Admission Portal.
- An applicant may apply for **up to three programmes** through a single application, as per the options available on the portal.
- For each selected programme, the applicant shall select **one district** and may choose **up to five colleges** in order of preference.

- Applicants must select programmes, districts, and colleges carefully, as allotment will be made on the basis of eligibility, merit, availability of seats, and preference order.

**3. Merit List and Preference Rule**

1. The name of an applicant will appear in the merit list of **only one programme at a time**, preferably the highest-preference programme for which the applicant qualifies.
2. If an applicant is selected in the merit list of the **first-preference programme**, his/her name will not be considered for the second or third preference programme.
3. If the applicant is not selected in the first-preference programme, he/she may be considered for the **second-preference programme**.
4. If the applicant is not selected in the second-preference programme, he/she may be considered for the **third-preference programme**.
5. Within each programme, college preferences will be considered sequentially according to the applicant's order of preference, subject to merit and seat availability.

**4. General Instructions for Filling the Online Application Form**

1. Applicants must read the admission notification, eligibility criteria, subject combination, reservation rules, fee details, and important dates carefully before filling the online application form.
2. Reservation benefits shall be applicable as per the reservation rules and guidelines issued by the Government of Bihar from time to time. Applicants claiming reservation benefits must upload valid and relevant certificates in the prescribed format during the application process.

3. Applicants must use their **own personal mobile number and email ID** for registration. The mobile number and email ID must remain active throughout the admission process. Applicants should not use the mobile number or email ID of a cybercafe or any other person.
4. Before starting the application process, applicants should keep scanned copies of the following documents ready, wherever applicable:
    - Recent passport-size photograph
    - Signature
    - Aadhaar details
    - Marksheet and Certificate of Class $10^{th}$ and $12^{th}$
    - Caste certificate
    - EWS certificate
    - Disability certificate
    - Migration certificate
    - CLC / TC
    - Any other relevant certificate or document required by the university
5. All details such as name, father's name, mother's name, date of birth, gender, category, marks, subject choice, programme preference, college preference, and contact details must be entered carefully as per official documents.
6. Applicants must complete each step of the Samarth Admission Portal in the proper sequence. They should proceed to the next step only after correctly completing the previous step.
7. Applicants must upload clear, valid, and readable documents in the prescribed format and size. Blurred, incorrect, incomplete, or invalid documents may lead to rejection of the application or cancellation of admission.
8. Applicants must carefully review all entries before final submission. After final submission, corrections may not be allowed, or may be allowed only as per university rules.

9. After final submission, applicants must pay the prescribed fee through the available online payment mode. The application process will be treated as complete only after successful payment, wherever applicable.
10. Applicants must download and safely keep a copy of the submitted application form, payment receipt, and acknowledgement for future reference.
11. Mere submission of the online application form does not guarantee admission. Admission shall be subject to eligibility, merit, availability of seats, document verification, reservation rules, and university regulations.
12. If any information or document submitted by the applicant is found to be false, incorrect, incomplete, invalid, or misleading at any stage, the application/admission may be rejected or cancelled.
13. Applicants are advised to regularly visit the university website and the Samarth Admission Portal for updates regarding merit lists, counselling, document verification, admission confirmation, fee payment, and other admission-related notices.
14. For a better experience, applicants are advised to use a laptop or desktop while filling the application form. They should avoid refreshing the page, pressing the back button, or making multiple payment attempts during the payment process.
15. In case of any technical difficulty during the application process, applicants may contact the official university helpdesk through the email ID or helpline number mentioned in the admission notification.

**आवेदकों के लिए सामान्य निर्देश**

**समर्थ प्रवेश पोर्टल**

### 1. स्नातक प्रवेश हेतु पात्रता मानदंड

CBCS के अंतर्गत स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्रता मानदंड निम्नलिखित होंगे:

| कार्यक्रम / संकाय | पात्रता मानदंड |
|---|---|
| **स्नातक विज्ञान** | अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अथवा किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड से विज्ञान संकाय में इंटरमीडिएट / I.Sc. / कक्षा 12 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। |
| **स्नातक वाणिज्य** | अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अथवा किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड से इंटरमीडिएट / I.A. / I.Sc. / I.Com. / कक्षा 12 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। |
| **स्नातक कला** | अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अथवा किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड से इंटरमीडिएट / I.A. / I.Sc. / I.Com. / कक्षा 12 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। |

### 2. आवेदन शुल्क एवं कार्यक्रम चयन

1. आवेदन शुल्क **₹500/-** होगा, जिसका भुगतान समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।
2. अभ्यर्थी एक ही आवेदन के माध्यम से पोर्टल पर उपलब्ध विकल्पों के अनुसार **अधिकतम तीन कार्यक्रमों** के लिए आवेदन कर सकते हैं।
3. प्रत्येक चयनित कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थी को **एक जिला** तथा वरीयता क्रम में **अधिकतम पाँच महाविद्यालयों** का चयन करना होगा।
4. अभ्यर्थी कार्यक्रम, जिला एवं महाविद्यालय का चयन सावधानीपूर्वक करें, क्योंकि आवंटन पात्रता, मेरिट, सीटों की उपलब्धता एवं वरीयता क्रम के आधार पर किया जाएगा।

### 3. मेरिट सूची एवं वरीयता नियम

1. अभ्यर्थी का नाम एक समय में **केवल एक कार्यक्रम** की मेरिट सूची में प्रदर्शित होगा, अर्थात उस उच्चतम वरीयता वाले कार्यक्रम में, जिसके लिए अभ्यर्थी पात्र एवं चयनित होगा।
2. यदि अभ्यर्थी का चयन **प्रथम वरीयता वाले कार्यक्रम** की मेरिट सूची में हो जाता है, तो उसका नाम द्वितीय या तृतीय वरीयता वाले कार्यक्रम की मेरिट सूची में विचारार्थ नहीं लिया जाएगा।
3. यदि अभ्यर्थी का चयन प्रथम वरीयता वाले कार्यक्रम में नहीं होता है, तो उसे **द्वितीय वरीयता वाले कार्यक्रम** के लिए विचार किया जा सकता है।

4. यदि अभ्यर्थी का चयन द्वितीय वरीयता वाले कार्यक्रम में भी नहीं होता है, तो उसे **तृतीय वरीयता वाले कार्यक्रम** के लिए विचार किया जा सकता है।
5. प्रत्येक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालयों की वरीयता अभ्यर्थी द्वारा दिए गए क्रम के अनुसार देखी जाएगी, जो मेरिट एवं सीटों की उपलब्धता के अधीन होगी।

**4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु सामान्य निर्देश**

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थी प्रवेश अधिसूचना, पात्रता मानदंड, विषय संयोजन, आरक्षण नियम, शुल्क विवरण एवं महत्वपूर्ण तिथियों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
2. आरक्षण का लाभ बिहार सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आरक्षण नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू होगा। आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित प्रारूप में वैध एवं संबंधित प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी अपना **व्यक्तिगत मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी** ही उपयोग करें। मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। साइबर कैफे या किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी उपयोग न करें।
4. आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रति तैयार रखें, जहाँ लागू हो:
   - हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो
   - हस्ताक्षर
   - आधार संबंधी विवरण
   - कक्षा 10 एवं 12 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र
   - जाति प्रमाण पत्र
   - EWS प्रमाण पत्र
   - दिव्यांगता प्रमाण पत्र
   - माइग्रेशन प्रमाण पत्र
   - CLC / TC
   - विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित कोई अन्य प्रमाण पत्र या दस्तावेज
5. नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी, अंक, विषय चयन, कार्यक्रम वरीयता, महाविद्यालय वरीयता एवं संपर्क विवरण आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार सावधानीपूर्वक भरें।
6. अभ्यर्थी समर्थ प्रवेश पोर्टल पर प्रत्येक चरण को क्रमवार पूरा करें। पिछले चरण को सही ढंग से पूरा करने के बाद ही अगले चरण में जाएं।

7. सभी आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट, वैध एवं पठनीय रूप में निर्धारित प्रारूप और आकार में अपलोड करें। धुंधले, गलत, अधूरे या अमान्य दस्तावेजों के कारण आवेदन अस्वीकृत या प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
8. अंतिम सबमिशन से पहले आवेदन पत्र में भरी गई सभी प्रविष्टियों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। अंतिम सबमिशन के बाद सुधार की अनुमति नहीं दी जा सकती है या केवल विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार ही दी जा सकती है।
9. अंतिम सबमिशन के बाद अभ्यर्थी उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान करें। जहाँ लागू हो, सफल भुगतान के बाद ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।
10. अभ्यर्थी जमा किए गए आवेदन पत्र, भुगतान रसीद एवं पावती की प्रति डाउनलोड कर सुरक्षित रखें।
11. केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर देना प्रवेश की गारंटी नहीं है। प्रवेश पात्रता, मेरिट, सीटों की उपलब्धता, दस्तावेज सत्यापन, आरक्षण नियम एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अधीन होगा।
12. यदि किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी या दस्तावेज गलत, अपूर्ण, अमान्य, भ्रामक या असत्य पाए जाते हैं, तो आवेदन/प्रवेश अस्वीकृत या निरस्त किया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी मेरिट सूची, काउंसिलिंग, दस्तावेज सत्यापन, प्रवेश पुष्टि, शुल्क भुगतान एवं अन्य प्रवेश संबंधी सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट और समर्थ प्रवेश पोर्टल नियमित रूप से देखते रहें।
14. बेहतर अनुभव के लिए अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरते समय लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करें। भुगतान प्रक्रिया के दौरान पेज को रिफ्रेश न करें, बैक बटन का उपयोग न करें तथा बार-बार भुगतान का प्रयास न करें।
15. आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में अभ्यर्थी प्रवेश अधिसूचना में उल्लिखित आधिकारिक विश्वविद्यालय हेल्पडेस्क ईमेल आईडी या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।